Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सांध्य दैनिक
उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 6:37 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 5:48 बजे

हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 261 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 12 अप्रैल 2024

शाहरुख-प्रीति की वीरा-जारा...पेज-3 पर

News कॉर्नर

वाहन से सोने के आभूषण व नगदी बरामद

हल्द्वानी। लोकसभा चुनाव में अवैध धन के परिवहन को रोकने के लिए एफएसटी, एसएसटी और पुलिस विभाग की टीम पूरी मुस्तैदी से जुटी हुई है। चुनाव में अवैध धन के प्रयोग को रोकने के लिए जगह-जगह वाहनों की चैकिंग की जा रही है। इसी क्रम में एफएसटी और पुलिस टीम ने टीपी नगर क्षेत्र में एक गाड़ी को रोक कर जब तलाशी ली तो उसमें बैठे जगत सिंह निवासी ओम बिहार दिल्ली, आनंद बल्लभ निवासी ईस्ट विनोद नगर पूर्वी दिल्ली के पास से भारी मात्रा में जेवरात और नगदी बरामद हुई।

चेकिंग के दौरान उनके कब्जे से करीब 37 लाख 64 हज़ार 8 सौ रुपये के सोने, चांदी के आभूषण और तीन लाख रुपये की नगदी बरामद हुई है। जब टीम ने उक्त आभूषणों और नगदी के बारे में जानकारी ली तो स्पष्ट और संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर टीम ने उक्त जेवर और धनराशि अपने कब्जे में ले ली।

गृह कलेश आजिज युवक फांसी झूला

हल्द्वानी। एक युवक ने गृह कलेश आजिज होकर आत्म हत्या कर ली। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोसटमार्टम के लिए भेज दिया है। मूलरूप से नेपाल का रहने वाला मनीष मंडल पुत्र जंग बहादुर अपने परिवार के साथ अंबेडकर नगर बरेली रोड हल्द्वानी में रहता है। बताया जा रहा है कि बीती रात घर में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। बात काफी ज्यादा बढ़ गई तो मनीष अपने कमरे में चला गया और फांसी पर झूल गया। सुबह जब परिजनों ने उसे फांसी पर झूलते हुए देखा तो परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर मंगलपड़ाव चौकी पुलिस पहुंच गई और शव को नीचे उतार कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्रदेश में कुछ दिन खराब रहेगा मौसम, आज पांच जिलों में येलो अलर्ट

देहरादून
हमारे संवाददाता

आने वाले दिनों के मौसम पर नजर डालें तो 15 अप्रैल तक प्रदेश भर में मौसम बदलने के आसार हैं।

प्रदेश के पांच जिलों के कुछ इलाकों में आज (शुक्रवार) भी मौसम खराब रहने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में तेज गर्जन के साथ बिजली चमकने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। पर्वतीय इलाकों में बदल रहे मौसम का मैदानी इलाकों में कोई खास असर नहीं दिख रहा है। मैदानी

उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में तेज गर्जना के साथ चमकेगी बिजली

इलाकों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक होने की वजह से गर्मी सताने लगी है। उधर, आने वाले दिनों के मौसम पर नजर डालें तो 15 अप्रैल तक प्रदेश भर में मौसम बदलने के आसार हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार, 13 अप्रैल के लिए पर्वतीय जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। 14 अप्रैल को प्रदेश भर में झोंकेदार हवाओं के साथ ओलावृष्टि होने की संभावना है। इसके लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। अगले दिन भी प्रदेश भर के सभी जिलों में मौसम खराब रहने का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

तेज हवाओं के साथ 3 दिनों तक होगी बारिश

उत्तर प्रदेश के लोगों का वीकेंड कूल रहने वाला है। शुक्रवार से लेकर रविवार तक पूरे उत्तर प्रदेश में बारिश का अलर्ट जारी है। खास तौर पर शुक्रवार को जहां उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी के साथ ही बादलों की आवाजाही लगी रहेगी, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। तो वहीं शनिवार को 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी और गरज चमक के साथ तेज बारिश होगी। वहीं रविवार को 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी और तेज बारिश के साथ ही पूरे उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं पर ओले गिरने का भी पूर्वानुमान जारी किया गया है। ऐसे में वीकेंड पर अगर आप घूमने की प्लानिंग बना रहे हैं तो यह आपके लिए अच्छा मौका हो सकता है।

चुनाव प्रचार में गरजे पीएम मोदी

आतंकवाद-अलगाववाद से लेकर 370 व राम मंदिर तक उठाए मुद्दे

जम्मू कश्मीर
एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को उधमपुर में कहा कि जम्मू कश्मीर में जल्द ही विधानसभा चुनाव होंगे और राज्य का दर्जा मिलेगा।

प्रधानमंत्री (पीएम) नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि आतंकवाद, अलगाववाद, पत्थरबाजी, सीमा पार से गोलीबारी इस बार दशकों के बाद जम्मू-कश्मीर में चुनाव का मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बार चुनाव बिना किसी डर के हो रहे हैं। साथ ही अनुच्छेद 370, परिवारवाद और राम मंदिर को लेकर उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधा। पीएम ने जम्मू संभाग के जिला उधमपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में जल्द ही विधानसभा चुनाव होंगे और राज्य का दर्जा मिलेगा। पीएम मोदी ने कहा, %वह समय दूर नहीं जब जम्मू-कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव होंगे। जम्मू-कश्मीर को अपना राज्य का दर्जा वापस मिलेगा। आप अपने सपनों को अपने विधायकों,

अपने मंत्रियों के साथ साझा कर सकेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने अब तक जो कुछ भी किया है वह केवल उस काम का ट्रेलर है जो उन्हें इस क्षेत्र में करना बाकी है। प्रधानमंत्री ने कहा, %विकास भी हो रहा है, विश्वास भी बढ़ रहा है। आगामी आम चुनाव सिर्फ एक संसद सदस्य को चुनने के लिए नहीं है, बल्कि देश में एक मजबूत सरकार बनाने के लिए है। जब सरकार मजबूत होती है, तो वह चुनौतियों को चुनौती देकर पूरा करती है...। पीएम ने कहा कि अब जम्मू-कश्मीर भारत और स्टार्टअप के लिए जाना जाएगा। इस संकल्प को लेकर जम्मू कश्मीर को आगे बढ़ाना है। कहा कि कांग्रेस राम मंदिर से कितनी नफरत करती है। वह कहती है कि राम मंदिर बीजेपी के लिए चुनावी मुद्दा है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि राम मंदिर कभी चुनाव का मुद्दा नहीं था। पीएम ने कहा, बारिश में राम लल्ला का टैंट टपकता रहता था। राम लल्ला के भक्त अदालतों के चक्कर काटते रहते थे। यह करोड़ों लोगों की आस्था पर चोट थी जो राम लल्ला में विश्वास रखते हैं।% लोग तीन बातें कभी भूल नहीं सकते। 500 वर्ष के बाद राम मंदिर का निर्माण हुआ है। अदालत के निर्णय से यह काम हुआ है। यह भव्य राम मंदिर सरकारी खजाने से नहीं।

मॉर्निंग वॉक के दौरान धामी ने बुजुर्गों को कहा राम-राम

हल्द्वानी/खटीमा
हमारे संवाददाता

खटीमा में मॉर्निंग वॉक के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुजुर्गों तक पीएम मोदी का प्रणाम और राम-राम पहुंचाया। खटीमा में सुबह की सैर पर बड़े-बुजुर्गों से मिलते हुए प्रधानमंत्री मोदी के उत्तराखंड से विशेष लगाव और जुड़ाव को लेकर चर्चा भी की।

खटीमा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सुबह की सैर के दौरान स्थानीय लोगों से मुलाकात की। उनका हाल चाल पूछा और बड़े बुजुर्गों तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रणाम और राम-राम पहुंचाया। मुख्यमंत्री ने लोगों से लोकसभा चुनाव में अनिवार्य रूप से मतदान करने का आग्रह भी किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब भी पार्टी कार्यकर्ताओं को कोई कार्य सौंपते हैं तो मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खुद अगुवाई करके उस कार्य को अंजाम तक पहुंचाने में जुट जाते हैं। बीते गुरुवार को ऋषिकेश में आयोजित जनसभा में प्रधानमंत्री मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को व्यक्तिगत अनुरोध किया था। वह अनुरोध था, घर-घर जाकर बड़े बुजुर्गों को मोदी का प्रणाम और राम-राम कहना। प्रधानमंत्री मोदी

ने यह भी कहा था कि बड़ों का अशीर्वाद मेरे लिए ऊर्जा है। साथ ही नवरात्र का पर्व चल रहा है, उत्तराखंड में देवी-देवताओं की महिमा होती है। अपने-अपने क्षेत्र के देवी-देवताओं के मंदिरों में जाकर मेरी तरफ से प्रणाम करना है। ऋषिकेश की जनसभा के समापन के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सीधे खटीमा पहुंचे, जहां उन्होंने एक कार्यक्रम में भाग लिया। आज सुबह खटीमा में सैर के दौरान मुख्यमंत्री धामी राह चलते कई लोगों से मिले। खासतौर पर बड़े बुजुर्गों से मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपको प्रणाम और राम-राम कहा है। इस दौरान उन्होंने मोदी के उत्तराखंड से विशेष लगाव और जुड़ाव को लेकर भी लोगों से चर्चा की। जनता ने भी प्रधानमंत्री मोदी के प्रणाम को सहर्ष से स्वीकार कर मुख्यमंत्री धामी को आशीष दिया।

सीएनजी बस परिचालक की कैश क्षतिपूर्ति की भरपाई बस मालिकों से कराएं

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ट्रैफिक शाखा हल्द्वानी ने आरएम संचालन की मौजूदगी में बनी सहमति का क्रियान्वयन न होने जैसे मुद्दों को लेकर नाराजगी जताई है।

इस संबंध में शाखा मंत्री अमित कुमार की ओर से डिपो एआरएम को मांगपत्र सौंपा गया है। इसमें निगम हित में विभागीय नियमानुसार क्रू बढ़ाने हेतु तत्काल बस वर्किंग डायग्राम बनाने, सीएनजी वाहनों के स्वामियों की कमी के कारण इनमें कार्यरत परिचालकों के साथ की गई मारपीट व विभागीय कैश की क्षतिपूर्ति बस मालिकों से जमा कराने, निगम

नाराजगी

- रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ने डिपो एआरएम को सौंपा मांगपत्र

कार्मिकों को स्थायी प्रपत्र उपलब्ध कराने, वरिष्ठ स्टेशन प्रभारी के बीती चार मार्च को जारी किये गये तुगलकी फरमान को तत्काल निरस्त करने, समय संचालन कक्ष में कार्यरत कर्मियों के अपने निजी स्वार्थ के लिए संविदा व विशेष श्रेणी वाले परिचालकों से निरंतर कराये जाने वाले किलोमीटर पर रोक लगाने तथा सभी परिचालकों से निगम हित में समान रूप से किलोमीटर पूरे कराये जाने जैसी मांगें उठाई गई हैं।

राष्ट्रपति सचिवालय भेजा गया आवेदन डाकघर की लापरवाही से वापस लौटाया

देहरादून
हमारे संवाददाता

चुनाव प्रचार को धार देने पहुंचे रक्षामंत्री, गौचर में जनसभा में बोले- बस एक बात दिलाना चाहता हूं याद

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह चुनाव प्रचार को धार देने पहुंचे। गौचर में आयोजित जनसभा में उन्होंने भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी के लिए समर्थन मांगा। चुनाव प्रचार अभियान को धार देने के लिए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह गौचर पहुंचे। यहां चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मैं आप सभी को बस एक बात याद दिलाना चाहता हूं, मैं कभी भी किसी भी पीएम की आलोचना नहीं करता, चाहे वह कांग्रेस का हो या किसी अन्य पार्टी का। रक्षा मंत्री ने कहा कि एक बार बहुत ईमानदारी से राजीव गांधी ने इस बात को स्वीकार किया था। उन्होंने 100 पैसे भेजे, लेकिन लोगों तक



केवल 14 पैसे ही पहुंच पाए। किसी ने भी उस चुनौती को स्वीकार नहीं किया, लेकिन पहली बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि प्रत्येक भारतीय नागरिक के लिए एक जन धन खाता खोला जाना चाहिए यहां तक कि मैं भी यह नहीं समझ पा रहा था कि प्रधानमंत्री हर किसी के लिए खाता क्यों खोल रहे हैं।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि उत्तराखंड अध्यात्मिक भूमि है। देश की सीमाओं को सुरक्षित करने का काम उत्तराखंड करता है। इस देवभूमि के लोग जान हथेली पर रख कर देश की रक्षा करते हैं।कहा कि उत्तराखंड के लोग भी सेवा के प्रति समर्पित होते हैं और पीएम मोदी भी देश और देशवासियों कि सेवा के लिए ही पीएम

14 अप्रैल को तीन जनसभाएं करेंगे सीएम योगी

उत्तराखंड में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के बाद अब यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रचार मैदान में नजर आएंगे। रविवार को यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ देहरादून में जनसभा करेंगे। इससे पहले शनिवार को उनकी हल्द्वानी में जनसभा होगी। योगी 14 अप्रैल को तीन जनसभाएं करेंगे। सबसे पहले वह श्रीनगर गढ़वाल में जनसभा करेंगे।

हैं। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी के लिए जनसमर्थन मांगते हुए कहा कि उत्तराखंड के इगास पर्व को अनिल बलूनी ने पहचान दिलाई है। यहां जनसभा के बाद वह लोहाघाट और काशीपुर में रैली करेंगी।

वरुण के गढ़ में गरजे अखिलेश, मोदी-योगी पर साधा निशाना

पीलीभीत

एजेंसी

पीलीभीत जिले में 19 अप्रैल को मतदान होना है। इसको लेकर लोकसभा चुनाव का प्रचार जोर पकड़ने लगा है। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के बाद शुक्रवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पूरनपुर पहुंचे। उन्होंने सिरसा चौराहा के समीप मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उनके निशाने पर भाजपा ही रही। बिना नाम लिए पीएम मोदी और सीएम योगी पर भी निशाना साधा।

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार को पूरनपुर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पीलीभीत का चुनाव पहले चरण में ही है, पहले चरण में ही हम लोग खुशखबरी सुनाने जा रहे हैं। यहां बड़े-बड़े नेता आ चुके हैं। देश के बड़े नेता आकर अपनी बात कह चुके हैं। लखनऊ वाले तो घबराए हुए हैं, उनका चेहरा पीला हो जा रहा है। पीलीभीत का नाम सुनकर भाजपा के तमाम नेताओं का चेहरा पीला हो जा रहा है। यह इसीलिए हो रहा है, क्योंकि यहां की जनता ने इस बार मन बना लिया है। सपा को ऐतिहासिक वोटों से जिता कर भेजना चाहती है। सपा मुखिया ने किसान आंदोलन का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा के लोग तीन काले कानून लाए थे। ये कानून इसलिए वापस हो गए थे, क्योंकि ये लोग किसानों से घबरा गए थे। उन्होंने कहा कि जो किसानों पर थार चढ़ा रहे हैं, उन्हें सरकार ने सम्मान दिया। थार से किसानों का आंदोलन रौंदा गया। वरुण गांधी की तरफ इशारा करते हुए कहा कि जो किसान आंदोलन की बात कर रहे थे, उन्हें मंच पर जगह भी नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि कोई नया प्रत्याशी आया है, जो कह रहे हैं कि हमें पहले पता होता है यहां से चुनाव लड़ना है तो पीलीभीत को बंबई बना देता। अखिलेश ने कहा कि हम कहते हैं कि इसको बंबई मत बनाओ। बंबई अर्थव्यवस्था की राजधानी है। वहां नाचा-गाना भी होता है। भाजपा प्रत्याशी कौन सा पीलीभीत बनाना चाहते हैं। आगे कहा कि ये कई दल घूम आए हैं। इनका मामला सेट हो जाता है, तो दूसरे दल में भी चले जाते हैं। इन्होंने सड़क मंत्री बनते ही घोटाला किया है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि 40 हजार करोड़ से ज्यादा पैसा सड़कों को गड्ढा मुक्त करने में खर्च किया गया। कहीं गड्ढे भर गए हैं क्या। जो काम समाजवादियों ने किया था। उसको भी पूरा नहीं कर पाई। उन्होंने कहा कि जब से यह दिल्ली वाले आए हैं, महंगाई बढ़ाई है। इसकी कल्पना नहीं कर सकते। यह सरकार महंगाई कम नहीं कर रही है। जब महंगाई रोकनी थी, तब उन्होंने चंदा वसूलने का काम किया। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के लोगों ने भ्रष्टाचार बढ़ाने का काम कर रहे हैं। इलेक्टोरल बांड के जरिए वसूली जा रही है। जिस कंपनी का कोई कारोबार नहीं है, उस कंपनी से सरकार ने पैसा वसूला है। इलेक्टोरल बांड से काले को सफेद कर दिया। नोटबंदी में भी यही काम किया। इस सरकार ने जितना पैसा वसूला है, उसकी वजह से ही महंगाई है। जिन उद्योगपतियों से पैसा वसूला है, अब वो मुनाफा कमा रहे हैं।

सपा मुखिया से पहले पीलीभीत लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने जनता से वोट मांगे। भाजपा की डबल इंजन की सरकार पर निशाना साधा।

अनियंत्रित होकर दीवार से टकराई कार, चालक जख्मी

नैनीताल। नैनीताल- कालाढूंगी मोटर मार्ग में बजून क्षेत्र में कालाढूंगी से नैनीताल को आ रहा वाहन अनियंत्रित होकर दीवार से टकरा गया। हादसे में कार चालक बुरी तरह जख्मी हो गया। जिसका राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई।

जानकारी के अनुसार मल्लीताल निवासी रोहन बुधवार रात कालाढूंगी से नैनीताल की ओर लौट रहे थे। बजून क्षेत्र में एक मोड़ पर अचानक उनकी कार अनियंत्रित हो गई। रोहन ने वाहन संभालने का प्रयास किया लेकिन इस दौरान वह पहाड़ी की सुरक्षा दीवार से जा टकराया। हादसे में वह बुरी तरह जख्मी हो गया। राहगीरों ने किसी तरह उसे वाहन से बाहर निकाल निजी वाहन से बीडी पांडे जिला अस्पताल नैनीताल पहुंचाया। जहां जांच के बाद उसका हाथ फैक्चर पाया गया। जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ.तरुण कुमार टम्टा ने बताया कि मरीज को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

सड़क हादसे में घायल अधेड़ ने उपचार के दौरान तोड़ा दम

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

विगत दिवस काशीपुर मार्ग पर बिंदुखेड़ा मोड़ के समीप तेल टेंकर की चपेट में आये साईकिल सवार अधेड़ की बीती रात एक निजी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजन शव को यहां पोस्टमार्टम हाऊस लेकर आये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा है। 9 अप्रैल की शाम ग्राम आनन्द खेड़ा दिनेशपुर निवासी 50 वर्षीय सुखविन्दर सिंह पुत्र वीर सिंह साईकिल से घर वापस लौट रहे थे। इसी बीच बिंदुखेड़ा मोड़ पर तेज गति से आ रहा अज्ञात वाह ने उसे टक्कर मार दी थी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। बाद में परिवार के लोग पहुंच गए। सुखविन्दर को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गये। जहां से उसे सुशीला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया। हालत में सुधार न होने पर सुखविन्दर को हल्द्वानी के ही एक निजी चिकित्सालय भर्ती कराया गया। बीती रात सुखविन्दर ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। परिवार के लोग शव पोस्ट मार्टम लेकर आ गये। सूचना पर एसआई जितेन्द्र सिंह पहुंचे और उन्होंने पंचनामा की कार्रवाई करते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। लिय यहां भिजवाया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने पहले ही वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोपी की तलाश की जा रही है।

सनसाइन वॉरियर्स ने जीती ट्रॉफी

अल्मोड़ा। खेल विभाग की ओर से एसएसजे परिसर के सिमकनी मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित हुई। सनसाइन वॉरियर्स की टीम ने फाइनल मुकाबला जीतकर ट्राफी पर कब्जा किया। बृहस्पतिवार को आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में चार टीमों ने प्रतिभाग किया। पहला मुकाबला सनसाइन वॉरियर्स और स्टेडियम के बीच खेला गया। बेहतरीन खेल दिखते हुए सन साइन ने जीत दर्ज फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे मैच में न्यू इंद्रा कॉलोनी की टीम ने सिमकनी को परजित कर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले पहले बल्लेबाजी करने उतरी सनसाइन वॉरियर्स की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 138 रन बनाए।

डीएसए ग्राउंड में ईद उल फितर की नमाज अदा की

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिला मुख्यालय नैनीताल के डीएसए ग्राउंड में गुरुवार को ईद उल फितर की नमाज पेश इमाम मुफ्ती अजमल कासमी द्वारा अदा कराई गई। इस दौरान हजारों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा ईद उल फितर की नमाज अदा की गई और मुल्क की तरक्की खुशहाली के लिए दुआ की गई।

बता दें हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ईद उल फितर की नमाज सुबह 9.30 बजे डीएसए ग्राउंड में अदा की गई। प्रात: से ही मुस्लिम समाज के लोग नमाज स्थल में पहुंचने लगे थे और खुलुश के साथ नमाज अदा की तत्पश्चात दुआ में मुफ्ती कासमी द्वारा दुआ की गई जिसमें देश की तरक्की आपसी भाईचारे और खुशी के लिए जायरिनों के दुआ में हाथ उठे। उसके बाद सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई और शुभकामनाएं दी है।

बता दें पूरे एक महीने रमजान माह में चांद देखकर शुरू होता है जिसमें मुस्लिम समाज के लोग रोजे रखकर पूरे महीने इबादत करते हैं और चांद देखकर रमजान समाप्त होने के पश्चात उसकी खुशी में ईद मनाई जाती है। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने सभी व्यवस्था कर रखी थी और शांतिपूर्वक ईद उल फितर की नमाज अदा हुई अंजुमन कमेटी द्वारा जिला और पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें भी बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

इस मौके पर अंजुमन इस्लामिया के सदर शुहेल शम्सी,महासचिव जमाल सिद्दीकी, मोहम्मद हामिद,हारून खान पम्मी, सोहेल सिद्धीकी, युसूफ खान, अफजल हुसैन फौजी, सैयद नदीम मून, वसी कुरैशी, अकरम शाह, इकबाल कुरैशी, एजाज कुरैशी, फैसल कुरैशी, शमी कुरैशी, जकी कुरैशी, इजहार सिद्दीकी, इकबाल सिद्दीकी, नईम अहमद, मो. इमरान, जावेद हुसैन, इल्याज अहमद, अजमल हुसैन, मो. अरिश सहित सैकड़ो की संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा ईद उल फितर की नमाज अदा की।

NEWS / फटाफट

नशे में धुत पर्यटक झील में उतर काटा हंगामा

नैनीताल। नगर के मल्लीताल क्षेत्र में नशे की हालत में धुत पर्यटक ने नाव से झील में उतर जमकर हंगामा काट दिया। वहां मौजूद लोगों ने उसे कई बार समझाने का प्रयास किया, लेकिन पर्यटक नशे में लडखड़ाते हुए झील में गीत गाता नजर आया। झील का जलस्तर कम होने के चलते वह बाल-बाल बच गया। लोगों के पुलिस को सूचित करते ही पर्यटक व उसके साथी फरार हो गए। जानकारी के अनुसार गुरुवार को दोपहर मल्लीताल ठंडी सडक् के समीप स्थित बोट स्टेंड पर पर्यटक बोटिंग कर रहे थे। इस दौरान एक बोट में बैठा एक युवक कपड़े उतारकर बोट से झील में उतर गया और झील के किनारे पानी में उछल कूद करने लगा। झील के भीतर उतरते ही नशे की हालत में उसके पैर लडखड़ाने लगे। जिससे वह कई बार पानी में गिरता रहा। इस बीच किनारे पर मौजूद लोगों ने युवक को झील से बाहर आने को कहा लेकिन वह नहीं माना। जिसके बाद लागों ने युवक की वीडियो बनाकर पुलिस व पालिका कर्मचारियों को भेज दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन युवक साथियों के साथ फरार हो गया।

छात्रों ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली

नैनीताल। जिले के मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे द्वारा निर्गत निर्देशों के क्रम में नगर के प्रतिष्ठित सीआरएसटी इंटर कॉलेज नैनीताल के छात्रों द्वारा बैनर, पोस्टर तथा हाथों की तख्तियों तथा स्लोगन के माध्यम से नैनीताल में मतदाता जागरुकता रैली निकाली। बता दें रैली मल्लीताल बड़ा बाजार, जय लाल साह बाजार, रिक्शा स्टैंड आदि क्षेत्रों में निकाली गयी। छात्रों ने नारों के माध्यम से मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया। इससे पूर्व रैली का शुभारंभ विद्यालय प्रांगण से करते हुए प्रधानाचार्य मनोज कुमार पांडे ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मतों का प्रतिशत बढ़ाने तथा हर वोटर को जागरूक करने के लिए यह अभियान छात्रों के माध्यम से अपने इच्छित लक्ष्य को प्राप्त करेगा। इस विशेष मौके पर राजेश कुमार,मनीष साह, रितेश साह, राजेश लाल, ललित सिंह जीना, शैलेंद्र चौधरी, हिमांशु जोशी, तारा जोशी तथा गीता बिष्ट आदि उपस्थित थी।

नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

राष्ट्रपति सचिवालय भेजा गया आवेदन डाकघर की लापरवाही से वापस लौटाया

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

राष्ट्रपति सचिवालय को सूचना अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी लेने के लिए भेजा गया पत्र पोस्टआफिस की लापरवाही से वापस कर दिया गया।

हल्द्वानी बिठौरिया निवासी पूर्व सैनिक विक्रम सिंह भैसोड़ा ने बीती 11 जनवरी को राष्ट्रपति सचिवालय को पत्र भेज मकान पर कब्जे संबंधी शिकायत की थी। इस मामले में कार्रवाई न होने पर पूर्व सैनिक विक्रम व समाजसेवी हेमंत गोनिया ने बीती नौ मार्च को केंद्रीय जनसूचना अधिकारी राष्ट्रपति सचिवालय को शिकायती पत्र पर हुई कार्रवाई के बाबत सूचना अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी मांगी थी। इधर पिछले दिनों राष्ट्रपति सचिवालय के लोक सूचना अधिकारी की ओर से विक्रम सिंह को पत्र भेज अवगत कराया गया कि आरटीआई के तहत उनका आवेदन पत्र बीती 12 मार्च को प्राप्त हुआ। आवेदन पत्र के साथ संलग्न 10 रुपये के पोस्टल आर्डर में दिनांक स्पष्ट नहीं दिखाई दे रही है, ऐसे में आवेदन स्वीकार नहीं किया जा सकता और पोसटर आर्डर वापस लौटाये जा रहे हैं। इधर गोनिया ने बताया कि पोस्टऑफिस की गलती का खामियाजा पीड़ित को भुगतना पड़ रहा है। इस संबंध में हेड पोस्टआफिस के पोस्टमास्टर गौरव जोशी से शिकायत की गई है। वहीं पोस्टमास्टर जोशी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, आवेदनकर्ता की समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

शिकायत

- हल्द्वानी के बिठौरिया निवासी पूर्व सैनिक व समाजसेवी गोनिया ने मांगी थी आरटीआई के तहत जानकारी

कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के लिए लोगों से मांगा समर्थन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर कांग्रेस कमेटी नैनीताल द्वारा नैनीताल- ऊधम सिंह नगर लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के समर्थन में नगर अध्यक्ष अनुपम कबड्वाल के नेतृत्व में गुरुवार को सूखाताल बस्ती, ऐशडेल, नैनीताल क्लब चौराहा, रायल होटल कंपाउंड समेत अन्य स्थानों पर जाकर आमजनों से प्रत्याशी के पक्ष में समर्थन मांगा।

इस अवसर पर अध्यक्ष अनुपम कबड्वाल ने लोगों से अपील की कि बहन अंकिता भंडारी के न्याय के लिए, बढती महंगाई तथा बेरोजगारी आदि के खिलाफ कांग्रेस के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करें। इस दौरान प्रचार में नगर महिला कांग्रेस की अध्यक्षा डा. भावना भट्ट समेत वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री मुन्नी तिवारी,डा.सरस्वती खेतवाल, सावित्री सनवाल, चंपा सनवाल, लता तरुण,कमला फर्त्याल, देवकी देवी, रविता टम्टा, सुनीता आर्या, डा. रमेश पांडे, जिलाध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ कमलेश तिवारी समेत शार्दुल नेगी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गोपाल सिंह बिष्ट, विमल चौधरी, राजेन्द्र व्यास,मनोज भट्ट, सचिन कुमार, कुन्दन सिंह बिष्ट, प्रेम कुमार शर्मा, धीरज बिष्ट, कैलाश अधिकारी, बंटू आर्य, दीपक टम्टा, आयुष कुमार, प्रियांशु बिष्ट, शुभम बिष्ट, पवन जाटव, अभिषेक आर्य तथा पुष्कर बोरा तथा विक्की राज आदि रहे।

अभिमत

जलस्रोतों का पुनर्जीवन

जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने का कार्य काफी पहले किया जाना चाहिए था, फिर भी 'देर आयद, दुरुस्त आयद' कहावत के तहत यदि काम को सही तरीके से किया जाये तो आने वाले कुछ वर्षों में भीषण जल संकट से बचा जा सकता है। जल स्रोतों को बचाने का कार्य जल्द शुरु होना चाहिए। समिति की रिपोर्ट मिलने के बाद कार्ययोजना को धरातल पर उतारने में देरी और रिपोर्ट फाइलों में कैद हो जाने से जल संकट और गहरा जायेगा। सबसे बड़ी बात यह है कि मुख्य सचिव ने जल संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य के प्रति विभागीय संवादहीनता पर नाराजगी जाहिर की है और जल स्रोतों के पुनर्जीवीकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं करने को कहा है।

जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने के प्रयास किये जा रहे हैं। हिमालयी राज्य उत्तराखंड में नाले, धारे, झरने, गधेरे और नदियों के पुनर्जीवन का मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। भूगर्भीय जल की उपलब्धता और स्थिति का आंकलन करने तथा मैपिंग करने का आदेश उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने दिया है। स्प्रिंग एंड रिवर रेज्युवेंशन अथॉरिटी (सारा) उच्चाधिकार प्राप्त समिति जलस्रोतों का सर्वेक्षण करेगी। जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने का कार्य काफी पहले किया जाना चाहिए था, फिर भी 'देर आयद, दुरुस्त आयद' कहावत के तहत यदि काम को सही तरीके से किया जाये तो आने वाले कुछ वर्षों में भीषण जल संकट से बचा जा सकता है। जल स्रोतों को बचाने का कार्य जल्द शुरु होना चाहिए। समिति की रिपोर्ट मिलने के बाद कार्ययोजना को धरातल पर उतारने में देरी और रिपोर्ट फाइलों में कैद हो जाने से जल संकट और गहरा जायेगा। सबसे बड़ी बात यह है कि मुख्य सचिव ने जल संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य के प्रति विभागीय संवादहीनता पर नाराजगी जाहिर की है और जल स्रोतों के पुनर्जीवीकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं करने को कहा है। राज्य में भविष्य में कोई भी बांध के प्रोजेक्ट के लिए जल स्रोत पर पड़ने वाले असर का आंकलन जरुरी होना चाहिए। यह भी देखा जाना चाहिए कि प्रोजेक्ट से जलस्रोतों में कितनी बढ़ोतरी होगी। तराई में कई बांध पहले से हैं। जिन नदियों से बांधों को भरा जाता है, उन नदियों में भी जल स्तर गिर रहा है। पहाड़ पर जलस्रोत रीजार्च नहीं हो पा रहे हैं। हिमपात में कमी आई है। बहुत ऊंची पर्वतीय चोटियों पर भी कुछ साल से कम हिमपात हो रहा है। ग्लेशियर पिघल रहे हैं। करीब तीन दशक पहले भाबर से मामूली दूरी के कम ऊंचाई पर बसे पर्यटक स्थलों में हिमपात होता था। विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नैनीताल में हिमपात का आनन्द लेने के लिए पर्यटक आते थे। अब तो कई साल से नैनीताल में हिमपात नहीं हुआ है। थर्टी फर्स्ट और नव वर्ष मनाने के लिए नैनीताल पहुंचने वाले पर्यटक हिमपात नहीं होने से निराश लौट जाते हैं अथवा मुनस्यारी और अन्य ऊंची चोटियों पर स्थित पर्यटक स्थलों का रुख करते हैं। पर्वतीय जलस्रोत सूखने से हिमालय की गोद में रहने वाले पेयजल के लिए तरस रहे हैं। उत्तराखंड में नये बांध बनाने के नाम पर पिछले पांच-छह दशक से चुनाव में वायदा किया जाता रहा है। केन्द्र सरकार और विशेषज्ञों ने बांध बनाने की अनुमति नहीं दी। जिन नदियों पर बांध बनाने की बात कही जा रही है, उनके उद्गम स्रोत में जल बहुत कम रह गया है। भाबर और तराई की कई नदियां बरसाती बन कर रह गई हैं। वर्षा ऋतु खत्म होने के बाद सूख जाती हैं। पहाड़ की अनेक नदियां अब सदानीरा नहीं रह गई हैं।

अपने वोट की कीमत को समझो: जोशी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने उत्तराखंड आंदोलन का मुख्य केंद्र खटीमा की धरती से नैनीताल-उधमसिंह नगर लोकसभा क्षेत्र की जनता से व्यवस्था परिवर्तन का किया आह्वान और कहा सही आकलन के साथ सक्षम का करें चुनाव और व्यवस्था परिवर्तन हेतु वोट का सही इस्तेमाल कर सही का चुनाव करें।

कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने आज खटीमा और नानकमत्ता विधानसभा में विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। जनता से मिल रहे अभूतपूर्व प्यार और आशीर्वाद से अभिभूत होकर कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने कहा कि आप सबको अपने वोट की कीमत को समझना होगा, आपका एक-एक वोट बहुत कीमती है। सोच समझ के साथ सही आकलन कर सक्षम व्यक्ति का चुनाव आपको विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य करेगा और भावनाओं में बहकर अगर वोट गलत को दे दिया तो फिर 5 साल आपके पास पछतावा ही रह जायेगा।

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि खटीमा/नानकमत्ता की जनता से उनका पुराना नाता है और उन्हें पूर्ण विश्वास है कि खटीमा/नानकमत्ता की जनता सही चुनाव करेगी जैसा उन्होंने 2022 के विधानसभा चुनावों में किया था।

प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि उत्तराखंड के किसानों और जवानों को और बेटी अंकिता भंडारी को कांग्रेस ही न्याय दे सकती है। इसलिए कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी को संसद पहुँचाकर कांग्रेस के हाथ को मजबूत करें। उपनेता प्रतिपक्ष/विधायक खटीमा भुवन कापड़ी ने कहा कि वर्तमान सांसद महोदय खुद हार स्वीकार कर चुके है इसलिए जगह जगह जनता से माफी मांग रहे है। खटीमा और नानकमत्ता की देवतुल्य जनता समझदार है और कांग्रेस के हाथ को मजबूत कर क्षेत्र के रुके विकास को गति देने का कार्य करेगी।

विधायक नानकमत्ता गोपाल सिंह राणा ने कहा कि कांग्रेस शासन में हमेशा ही थारू समाज का सर्वांगीण विकास हुवा है इसलिए थारू समाज ने हमेशा कांग्रेस के हाथ को मजबूती दी है। नानकमत्ता और खटीमा क्षेत्र मे विकास को गति देने के लिए हम सभी को कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी को जीताकर संसद पहुँचाना है।

पड़ोसियों पर मारपीट का आरोप

नैनीताल। नगर के मल्लीताल निवासी पेजयल निगम के सहायक अभियंता ने पड़ोसियों पर मारपीट के आरोप लगाए हैं। उसकी ओर से कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस ने शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ पुलिस एक्ट में चालानी कार्रवाई की है।

मल्लीताल मार्शल कॉटेज निवासी गोपाल राम आर्य ने तहरीर देकर कहा है कि बुधवार रात पड़ोस में रहने वाले कुछ लोग उसके घर में घुस गए। जो उसे गाली गलौच करने के बाद पीटने लगे। पड़ोस में ही रहने वाले कुछ लोगों ने किसी तरह उसकी जान बचाई। कहा कि जाते हुए लोग उसे जान से मारने की धमकी देदी है।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम हेमा देवी से बदलकर हेमा जोशी रख लिया है। अत: भविष्य में मुझे हेमा जोशी नाम से जाना व पहचाना जाए।
-हेमा जोशी पुत्री महेश चंद्र जोशी गौजाजाली बिचली पो0- इन्डस्ट्रीयल स्टेट, हल्द्वानी (नैनीताल)

लोक गायक प्रहलाद मेहरा के आकस्मिक निधन पर दुःख जताया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

देवभूमि उत्तराखंड के प्रसिद्ध लोक गायक प्रहलाद मेहरा के आकस्मिक निधन पर जिला मुख्यालय नैनीताल के रंगकर्मियों व अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने गहरा दुःख जताया है।

इसी सिलसिले में गुरुवार को नगर की प्रतिष्ठित प्रयोगांक नैनीताल संस्था द्वारा दिवंगत मेहरा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। लोक गायक प्रहलाद मेहरा को याद करते हुए प्रयोगाक संस्था के सदस्यों द्वारा कहा गया कि सरल व सहज और मृदु भाषी प्रहलाद मेहरा द्वारा पहाड़ों की चेली ले पहाडों की ब्वारी ले कभे नि खायो दइ रवट सुख ले--- जैसा गीत गाकर आज से लगभग 30 से 35 वर्ष पूर्व पहाड की महिलाओं की समस्या को प्रस्तुत किया था।

इसी तरह के कई ऐसे और गीत जो पहाड़ की सुंदरता और संघर्ष को अभिव्यक्त करते हैं। कहा कि ऐसे गीतकार और लोक गायक का असमय जाना अविश्वासनीय हैं साथ ही यह देवभूमि उत्तराखंड लोक संस्कृति के लिये बहुत बड़ी क्षति है। श्रद्धांजलि देने वालों में मुकेश धस्माना समेत मिथिलेश पांडे, उमेश कांडपाल, मदन सिंह मेहरा, रोहित वर्मा, नीरज डालाकोटी, भुवन कुमार, रवि नेगी, चित्ररश्मि, योगिता, राहुल, अनवर, नसीर तथा पवन कुमार आदि शामिल रहे।

दूसरी ओर कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) ने भी प्रसिद्ध लोक गायक प्रहलाद मेहरा के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया। कूटा परिवार ने कहा है कि प्रहलाद मेहरा कुमाऊं के एक प्रसिद्ध लोक गायक के साथ कुमाऊं की संस्कृति को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे थे। उनके प्रसिद्ध गीतों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ के नारे पर प्रह्लाद मेहरा ने बेटी बचाने के लिए गर्भ भितेरा बेटी ना मारा गीत गाया (कूटा की तरफ से अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी व महासचिव डॉ.विजय कुमार समेत प्रो. नीलू लोधियाल, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. संतोष कुमार,डॉ. दीपाक्षी जोशी, डॉ. दीपिका गोस्वामी,प्रो. अनिल बिष्ट,डॉ. उमंग सैनी,डॉ. पैनी जोशी,डॉ. सीमा चौहान, डॉ. दीपिका पंत,डॉ. नागेंद्र प्रसाद शर्मा,डॉ. युगल जोशी तथा डॉ. रितेश साह इत्यादि ने शोक जताया। वहीं नैनीताल नगर में गुरुवार को मल्लीताल बड़ा बाजार में शोक सभा आयोजित की गई। शोक सभा में वक्ताओं ने प्रसिद्ध लोक गायक प्रहलाद मेहरा के निधन को उत्तराखंड की लोक संस्कृति के लिए एक बहुत बड़ी क्षति बताया। प्रहलाद मेहरा पहाड़ में आयोजित होने वाले हर कौतिक और तीज त्यौहारों में अपनी मधुर आवाज से हर कार्यक्रम में रंग भर देते थे, उनका असमय जाना एक स्तब्ध कर देने वाली घटना है। शोक सभा में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए परमपिता परमात्मा से शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त की गई। शोक सभा में उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा नैनीताल के नगर अध्यक्ष शाकिर अली समेत सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप कुमार दुम्का, कुमाऊँ मण्डल विकास निगम के पूर्व पर्यटन अधिकारी राम नारायण, पूर्व ग्राम प्रधान आन सिंह मेहरा, युवा व्यापारी दया जोशी, गौरव मेहरा, विजय साह तथा नवीन उप्रेती आदि उपस्थित थे।

फिल्मी दुनिया

शाहरुख-प्रीति की वीरा-जारा देख भावुक हुए करण



हाल ही में आईपीएल के एक मुकाबले में शाहरुख और प्रीति जिंटा की मौजूदगी ने लोगों को वीर-जारा की याद दिला दी थी। वहीं, अब निर्माता करण जौहर के एक पोस्ट ने लोगों को फिल्म के निर्देशक यश चोपड़ा की याद दिला दी है। हाल ही में शाहरुख खान और प्रीति जिंटा स्टारर इस फिल्म को दोबारा देखते हुए करण जौहर भावुक हो गए और इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया, जो आपके दिल को छू लेगा।

गौरतलब है कि साल 1998 में करण जौहर ने अपनी पहली कुछ कुछ होता है बनाई। इस फिल्म के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ लेखक और निर्देशक के रूप में कई पुरस्कार भी मिले। इसके बाद कभी खुशी कभी गम और फिर साल 2003 में उन्होंने कल हो ना हो का निर्देशन किया। फिल्मों के निर्देशन के अलावा यश चोपड़ा की फिल्म में कॉस्ट्यूम डिजाइन करना करण जौहर के जिंदगी के खास पलों में से एक है। दरअसल, वीर-जारा में मशहूर डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने कलाकारों के कॉस्ट्यूम डिजाइन किए थे, लेकिन फिल्म के मुख्य कलाकार शाहरुख खान के कपड़ों के करण जौहर ने डिजाइन किया था। हाल ही में जब करण जौहर इस बेहद लोकप्रिय रोमांटिक ड्रामा फिल्म को देख रहे थे, तो शाहरुख के कपड़े डिजाइन के लिए फिल्म के क्रेडिट में अपना नाम देखकर भावुक हो गए।

क्रेडिट पाकर खुशी महसूस की

करण जौहर ने क्रेडिट का स्क्रीनग्रैब शेयर करते हुए लिखा, आज मैं वीर-जारा देख रहा था और मुझे यश अंकल की बहुत याद आई। शाहरुख के कॉस्ट्यूम डिजाइनर के रूप में खुद को यश चोपड़ा की फिल्म में क्रेडिट पाकर बहुत खुशी महसूस हुई। इस स्टोरी में करण ने मनीष मल्होत्रा को भी टैग किया। साल 2004 में आई यश चोपड़ा की इस फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। फिल्म वीर-जारा में शाहरुख खान वीर प्रताप सिंह और प्रीति जिंटा जारा हयात खान के किरदार में नजर आईं थीं। फिल्में में शाहरुख भारतीय वायु सेना के अधिकारी के किरदार में थे।

नमाज पढ़ने जा रहे युवक पर जान लेवा हमला, गंभीर

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

ग्राम लांबाखेड़ा में ईद की नमाज पढ़ने जा रहा युवक पर कुछ लोगों ने रास्ते में घेर कर जान लेवा कर दिया। हमले में वह लहूलुहान हो गया। बाद में हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। पीड़ित की ओर से पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के मुताबिक ग्राम लांबाखेड़ा निवासी सरफराज अहमद ने पुलिस को बताया कि गुरुवार को वह ईद की नमाज पढ़ने जा रहा था। इस दौरान गांव के ही चार-पांच युवकों ने घेर लिया और उस पर जान लेवा हमला कर दिया। हमले में वह जमीन पर गिर गया। आरोप है कि उक लोगों ने उस पर धारदार हथियार से वार कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि हमलावर खेत से गोवंश पकड़कर लाए और काटने लगे। यह देख उसने विरोध किया तो वह गालीगलौज कर हमलावर हो गए। चाकू से उसके सिर पर वार किया। जिससे वह लहूलुहान हो गया। आरोप है कि हमलावरों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग एकत्र हुए और बीच बचाव कराया। बाद में उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए। सरफराज ने पुलिस से आरोपितों पर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आरोप

- पुलिस को दी तहरीर,मामला कोतवाली क्षेत्र गांव लांबाखेड़ा का

News कॉर्नर

आज शाम 7 बजे तक चौपहिया वाहनों के संचालन बंद

नैनीताल। नगर का चिडियाघर मोटर मार्ग शुक्रवार (आज) को सुबह 10 बजे से लेकर शाम 7 बजे तक चौपहिया वाहनों के संचालन के लिए बंद रहेगा। इस दौरान पर्यटक व स्थानीय लोग पैदल व दो पहियां वाहन से चिड़ियाघर व अपने घर जा पायेंगे। लोनिवि की ओर से मार्ग के डामरीकरण के चलते यातायात बंद किया गया है। बता दे कि लोनिवि की ओर से शहर की जू रोड में डामरीकरण कार्य शुरू कर दिया गया है लेकिन जू रोड में यातायात व रात को ठंड के कारण कोलतार जम जाने के कारण डामरीकरण में गुणवत्ता नहीं मिल पा रही थी जिसे देखते हुए लोनिवि ने दिन के समय डामरीकरण करने का प्लान बनाया है। लोनिवि सहायक अभियंता जी.एस. जनौटी ने बताया कि जू मार्ग में डामरीकरण किया जा रहा है। बिडला मार्ग से कटने वाले जू मार्ग में शुक्रवार (आज) को सुबह दस से शाम सात बजे तक चौपहिया वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा हांलाकि पर्यटक पैदल व दो पहिया वाहन से आवाजाही कर सकेंगे।

भयमुक्त होकर करें मतदान, पुलिस आपके साथ

अल्मोड़ा। लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस ने नगर में फ्लैग मार्च निकाला। कोतवाल जगदीश चंद्र देउपा के नेतृत्व में नगर के नरसिंह बाड़ी, नियाजगंज, धारानौला, गोपालधारा, एलआर शाह रोड, शिखर तिराहा, केमू स्टेशन, चौघानपाटा सहित अन्य हिस्सों में निकले फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों और जवानों ने लोगों से भयमुक्त होकर मतदान की अपील की। एसएसपी देवेंद्र पींचा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस की है। मतदाताओं को डराने-धमकाने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा।

पीएम की रैली ऐतिहासिक, जनता को मोदी के वायदे पर भरोसा:भट्ट

हल्द्वानी /देहरादून
हमारे संवाददाता

भाजपा ने पीएम मोदी की रैली को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि जनता को मोदी के वायदे पर पूरा भरोसा है और पार्टी पांचों सीटों पर 5 लाख के अंतर से जीत रही है। प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कार्यकर्ताओं से मोदी जी के आह्वान को तत्काल अमल मे लाने का आग्रह किया । उसमे पहला देवी देवताओं के आगे शीश नवाकर और मतदाताओं से राम राम कहकर आशीर्वाद लेने की तथा मोदी के ऋषिकेश तक आने की सूचना देनी है। भट्ट ने आज मोदी जी का मार्गदर्शन लेने पहुंचे लाखों युवाओं, मातृशक्ति, पूर्व सैनिक, सर्व समाज समेत देवभूमि के सभी वर्गों का आभार व्यक्त किया है । उन्होंने कहा कि तीर्थनगरी में उमड़ा सैलाब दर्शाता है कि लोकतंत्र के महापर्व में देवभूमि भाजपामय हो गई है। इससे पहले रुद्रपुर की रैली के बाद से समूचे मानसखंड और तराई के मैदानों में विकसित भारत निर्माण के पक्ष में लहर बह रही है। वहीं आज केदारखंड समेत समूची धर्मनगरी का ये रैला मोदी जी के सैनिकों की चुनाव में जीत की गारंटी दे गया है । प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार ने ऐतिहासिक एवं युग परिवर्तनकारी कार्य किए हैं । जिसके कारण देवभूमि की जनता ने मोदी जी को आशीर्वाद देने का मन पहले से ही बनाया हुआ था। लेकिन आज मोदी जी के प्रेरणाप्रद एवं ओजस्वी भाषण के बाद सभी सीटें 75 फीसदी से अधिक मतों से जीतना भी निश्चित हो गया है । उन्होंने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि अब समय है कि मोदी जी के विचारों और मार्गदर्शन को जन-जन तक पहुंचाया जाए । हम सबको मिलकर मोदी के विजन और कार्यों के आधार पर प्रदेश के सवा करोड़ से अधिक देवतुल्य जनता का आशीर्वाद प्राप्त करना है। जिसके तहत मोदी जी द्वारा बताए दो कामों को अवश्य करना है, पहला अपनी देवी देवताओं एवं पवित्र धाम में शीश नवाना है और दूसरा प्रत्येक मतदाता तक मोदी जी की राम राम कहकर आशीर्वाद लेना है । हमें जी तोड़ मेहनत से प्रदेश के सभी पोलिंग स्टेशनों पर कमल खिलाकर मोदी जी को प्रचंड बहुमत के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है।

आभार

- आम जनता तक मोदी के संदेश को घर घर पहुंचाए कार्यकर्ता

हल्द्वनी आस्था मर्डर केस में पुलिस के हाथ खाली

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

शहर के नीलांचल कॉलोनी में कमरे में मृत पाई गई अफसाना के पति को पुलिस अब तक नहीं ढूंढ पाई है। हालांकि पुलिस अफसाना के पति के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। इधर अफसाना की पोस्अमार्टम रिपोर्ट भी आ गई है जिसमें उसकी हत्या गला घोंटे जाने से होने की बात कही गई है।

बता दें कि सुभाष कालोनी रुद्रपुर निवासी आस्था उर्फ अफसाना नीलांच कालोनी फेज 5 स्थित शिवाजी कालोनी डहरिया में गंगाराम मौर्या के मकान में अपने पति सौरभ राज और दो बेटियों के साथ किराए पर रहती थी। 10 अप्रैल को उसका शव सड़ी गली हालत में बरामद हुआ था। पति और उसकी दोनों बेटियां भी वहां पर नहीं थी जिसके बाद हत्या की सुई अफसाना के प्रति की ओर घूम गई। वहीं दूसरी ओर पुलिस ने मृतका के मायके वालों से संपर्क किया था जिसके बाद अफसाना का पोष्टमार्टम किया गया जिसमें मौत की पुष्टि हो गई है। अफसाना की गला घोट कर हत्या की गई थी।

पीएम रिपोर्ट आने के बाद अब पुलिस ने अफसाना के पति की तलाश तेज कर ली है। उसके हर संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

आरोप

- 10 अप्रैल को सड़ी गली हाल में मिली थी डेड बॉडी
- गला घोंटकर की थी अफसाना की हत्या

बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

रुद्रपुर में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शुक्रवार को आदर्श कालोनी क्षेत्र डा. भीमराव अंबेडकर पार्क में डा. भीमराव अंबेडकर नव युवा मंच के संयोजक दीपक सागर ने पत्रकारों को बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा साहेब डॉ भीम भीमराव अंबेडकर जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में अव्य शोभायात्रा का आयोजन 14 अप्रैल रविवार को निकाली जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक गदरपुर अरविंद पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्य अतिथि, सामाजिक व प्रबुद्ध नागरिकों का सम्मान किया जाएगा। शोभा यात्रा आरंभ स्थल वार्ड 36 आदर्श कॉलोनी नई घास मंडी से होगा। शोभा यात्रा विभिन्न स्थानों से होते हुए मुख्य बाजार स्थित अंबेडकर जी की प्रतिमा पर कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।वरिष्ठ समाज सेवी संजीव गुप्ता ने बताया कि बाबा साहब की नीति एवं कृतियों को जनजन तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। इस मौके पर पूर्व पार्षद रंजीत सिंह, प्रदीप सागर, हिम्मतराम कोली, शैलेन्द्र कोली,सुशील सागर, सुरेश भारती,शैलेंद्र आदि थे।

व्यय प्रेक्षक टी शंकर ने किया मीडिया व प्रमाणन कक्ष का निरीक्षण

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

व्यय प्रेक्षक टी शंकर ने मीडिया मॉनिटरिंग एव प्रमाणन समिति (एमसीएमसी) कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने प्रत्याशियों द्वारा सोशल मीडिया पर किये जा रहे प्रचार व प्रत्याशियों द्वारा ली गयी स्वीकृतियों की जानकारियां ली। उन्होंने पंजीकाओं का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस अथवा पूर्व दिवस में प्रिंट मीडिया में कोई भी विज्ञापन प्रत्याशियों द्वारा प्रकाशित किया जाता है तो उसका पूर्व प्रमाणन अनिवार्य होगा। उन्होने सभी सोशल मीडिया अथवा प्रचार वाहनों पर लाउडस्पीकर, सिनेमा हाल, टेलीविजन, एफएम रेडियों पर प्रसारित समाग्री का भी पूर्व प्रमाणन अनिवार्य है। उन्होने प्रत्याशियों के विज्ञापनों एवं सोशल मीडिया पर प्रसारित समाग्री व्यय को नियमित नोडल व्यय को प्रेषित करने के निर्देश दिये। सहायक नोडल एमसीएमसी गोविन्द बिष्ट ने बताया कि अब तक 1 सोशल मीडियां पर प्रचार समाग्री व 3 सार्वजनिक स्थलों पर ऑडियों प्रदर्शन हेतु आवेदन प्राप्त हुये थे। जिसमें से 3 स्वीकृतियां समिति द्वारा जारी कर दी गयी है, एक आवेदन गुरूवार को प्राप्त हुआ है जिसकी स्वीकृति परीक्षण के उपरांत जारी कर दी जायेगी। उन्होंने बताया कि प्रत्याशियों के विज्ञापन एवं सोशल एकांउट पर प्रसारित प्रचार समाग्री की व्यय रिपोर्ट दैनिक निर्धारित प्रपत्रों में नोडल व्यय व आयोग को नियमित प्रेषित की जा रही है।

निरीक्षण के दौरान नोडल व्यय डॉ पंकज कुमार शुक्ल, लाईजनिंग आफिसर रितेश पंत, विनय कुमार, केके शर्मा आदि मौजूद थे।

हवालबाग के गांवों में तेंदुए का आतंक

अल्मोड़ा। हवालबाग विकासखंड के ज्योली, कोसी, उडियारी, घनेली, रैलाकोट सहित आसपास के गांवों में तेंदुए के आतंक से ग्रामीण दहशत में हैं। कोसी के रमेश बिष्ट ने कहा कि तेंदुआ एक सप्ताह के भीतर 12 से अधिक पालतू जानवरों को मार चुका है। बताया कि तेंदुआ दिन-दहाड़े घरों के आसपास पहुंच रहा है। उन्होंने वन विभाग से तेंदुए के आतंक से निजात दिलाने की मांग की। वहीं, रेंजर मोहन राम आर्या ने बताया कि टीम प्रभावित क्षेत्रों में लगातार गश्त कर रही है।

सड़क के किनारे पार्क अधिकांश वाहन हटाए, यातायात में सुधार

नैनीताल
हमारे संवाददाता

मल्लीताल क्षेत्र में कोतवाली पुलिस की ओर से अभियान चलाकर कार्रवाई करने के बाद क्षेत्र की यातायात व्यवस्था में सुधार हुआ है। बुधवार को टैक्सी चालकों के हंगामे के दौरान कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह की चेतावनी के बाद सड़क के किनारे पार्क अधिकांश वाहन लोगों ने हटा दिए हैं।

बता दें कि मल्लीताल क्षेत्र में अव्यवस्थित यातायात को व्यवस्थित करने के लिए कोतवाल हरपाल सिंह की ओर से सड़क किनारे वाहन पार्क करने वालों से वहां वाहन पार्क न करने की अपील की। अपील के बाद भी जब लोगों ने सड़क किनारे पार्क वाहन नहीं हटाए तो कोतवाल ने अभियान चलाकर चालानी कार्रवाई शुरू कर दी। जिसमें टैक्सी बाइकों की संख्या ज्यादा थी। भारी भरकम चालान होने से गुस्साए बाइक टैक्सी संचालकों ने बुधवार को कोतवाली में हंगामा काट दिया लेकिन कोतवाल ने साफ कह दिया कि यातायात नियमों के उलंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कोतवाल की चेतावनी के बाद गुरुवार को क्षेत्र की सडकों के किनारे पार्क अधिकांश दो पहिया वाहन लोगों ने हटा दिए।

जिससे सडकें भी खाली नजर आ रही हैं। कोतवाल ने बताया कि गुरुवार को भी अभियान चलाया गया। इस दौरान फोल्डिंग नंबर प्लेट व नाबालिक की ओर से चलाई जा रही स्कूटी सीज की गई । साथ ही रौंग साइड वाहन दौड़ाने पर चार व नो पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करने पर चार वाहन स्वामियों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई।

कार चालक व्यापारी को चकमा देकर 6 लाख की नगदी लेकर परिवार समेत फरार

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

दिल्ली से माल लाने को कार सवार व्यापारी को चकमा देकर चालक उसके 6 लाख रूपये समेट परिवार सहित फरार होने का मामला प्रकाश में आया। पीड़ित व्यापारी ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई। सिविल लाइन, रूद्रपुर निवासी एक व्यापारी ने बताया कि उसकी मैन मार्केट में जूता चप्पल की दुकान है।

शिव नगर निवासी ड्राइवर को माल लेकर आने के लिये अक्सर दिल्ली ले जाता था। बताया कि 8 अप्रैल को समय सुबह उसने अपनी कार के डेस्क बॉर्ड में 6 लाख रूपये नगद रखे और ड्राईवर ने कहा कि घर पर उसका सामान छुट गया है और सामान लेकर आता हूँ। उसके बाद उसकी कार को सिविल लाइन से शिवनगर के लिये निकला। वह उसका इंतजार करते रहा,परन्तु वह वापस नहीं आया। उसके मोबाइल पर कॉल किया तो उसका मोबाइल नम्बर बंद आ रहा था। वह उसके घर शिवनगर पहुंचा तो कार शिवनगर में खड़ी थी, चालक नहीं था। उसके आस पास लोगों से जानकारी जुटाई तो पता चला कि वह तो परिवार समेत फरार हो गया। व्यापारी ने चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए मदद की गुहार लगाई। फिलहाल इस मामले में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी।

गुहार

- पीड़ित व्यापारी ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई

जहरीली गैस कार्बन मोनोऑक्साइड से इलाज के कारगर तरीके बताए

नैनीताल। स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ जॉर्जिया यूएसए अमेरिका के मेडिसिनल केमिस्ट्री के डॉ. बी. वांग ने गुरुवार को ऑनलाइन माध्यम से व्याख्यान दिया। इस दौरान डॉ. वांग ने जहरीली गैस कार्बन मोनोऑक्साइड से इलाज के कारगर तौर तरीके बताए। बता दें कि अतिथि व्याख्यान का विषयर्न्डिफाइंग कन्वेंशनल विजडम स्टडीइंग कार्बन मोनोऑक्साइड ऐज ए पोटेंशियल थेरप्यूटिक एजेंट्श्रद्धा था। डा. वांग ने अलग अलग तरह के शोध का हवाला देते हुए समझाया कि कैसे जहरीली समझी जाने वाली कार्बन मोनो ऑक्साइड इस्तेमाल लिवर, कैंसर तथा डायबिटीज जैसी बीमारियों के इलाज के लिए किया जा सकता है। उन्होंने कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाइयों से जुड़े कई महत्वपूर्ण शोध के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. वांग ने कहा कि कार्बन मोनोऑक्साइड का प्रयोग कीमोथेरेपी जीन थेरेपी और इम्यूनोथेरेपी जैसी कई उपचार पद्धतियों के लिए अपनाया जा सकता है। ऑटोफिगी अवरोधकों के साथ कार्बन मोनोऑक्साइड के संयोजन से मानव प्रोस्टेट फेफ ड़े और अग्नाशय की कैंसर कोशिकाओं में महत्वपूर्ण कैंसर विरोधी प्रभाव देखने को मिलता है । डा. वांग के व्याख्यान को सुनने के लिए उत्तराखंड व दूसरे राज्यों के रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जीव विज्ञान व जैव प्रोद्योगिकी के गुरुजन , शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहे। व्याख्यान का आयोजन कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत की पहल पर किया गया। कुलपति प्रो.रावत ने डा. वांग को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके व्याख्यान से प्रतिभागियों की समझ का स्तर बेहतर हुआ है।